Insurance scheme to passengers

1313. SHRI CHATURANAN MISHRA:
SHRI JALALUDIN ANSARI:
SHRI SOM PAL:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the much-awaited passenger insurance scheme on the Indian Railway has not yet been started;

(b) if so, the reason therefor; and

(c) by when the scheme will be implemented?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a) to (c) The Railway Passenger Insurance Scheme has already been implemented with effect from 1-8-1994.

राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाएं

1314. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या **जल-भूतल परिवहन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों पर हुई दुर्घटनाओं का माह-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) ऐसी दुर्घटनाओं के क्या कारण हैं और उन्हें रोकने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं ;

(ग) इन दुर्घटनाओं में कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई और कितने घायल हुये ;

(घ) प्रत्येक को कितना मुआवजा राशि दी गई है ; और

(ङ) यदि हां तो उसका अवधि-वार ब्यौरा क्या है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री (**जगदीश टाइटलर**) : (क) दुर्घटनाओं में राष्ट्रीय राजमार्ग-वार आंकड़े एकत्र नहीं किये जाते हैं ।

(ख) से (ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

दिल्ली में सड़क दुर्घटनाएं

1315. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल :**
प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा :

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में वर्ष 1993-94 के दौरान हुई सड़क दुर्घटनाओं में कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई ;

(ख) ट्रकों बसों कारों और अन्य वाहनों से हुई दुर्घटनाओं की अलग-अलग संख्या कितनी है ;

(ग) डी०टी०सी० की बसों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई ; और

(घ) सड़क-दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सरकार क्या-क्या कदम उठा रही है;

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (**श्री जगदीश टाइटलर**) : (क) दिल्ली सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार 1993-94 में सड़क दुर्घटनाओं में 1745 व्यक्तियों की मृत्यु हुई ।

(ख) ट्रकों बसों कारों और अन्य वाहनों से हुई दुर्घटनाओं की संख्या नीचे दर्शाई गई है:—

वाहन की किस्म	दुर्घटनाओं की संख्या
कार	1581
ट्रक	1358
बस	2114
अन्य वाहन	3602

(ग) दि०प०नि० की बसों द्वारा हुई सड़क दुर्घटनाओं में अस्सी व्यक्ति मारे गये ।

(घ) दिल्ली में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये किये गये जा रहे उपाय संलग्न विवरण में दिये गये हैं ।

विवरण

दिल्ली में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गए/किए जा रहे उपाय :

1. दिल्ली के परिवहन विभाग ने वैज्ञानिक विधि से चालक प्रशिक्षण देने के लिए एक मोटर चालन (ड्राइविंग) प्रशिक्षण स्कूल खोला है।

2. चालन-लाइसेंसिंग तथा वाहनों की उपयुक्तता का प्रमाण पत्र जारी किए जाने के संबंध में मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों को सख्ती से लागू किया जाना सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए गए हैं।

3. चालकों के लिए नवम्बर, 1992 में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम शुरू किए गए थे जो अभी भी जारी हैं। चालकों की प्रवीणता की परीक्षा ली जाती है। इसके अतिरिक्त, सॉसप्रिवेंशन एसोसिएशन ऑफ इंडिया भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करती है। नेशनल एसोसिएशन ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन (इंडिया) नई दिल्ली ने भी चालकों के लिए इंस्पेक्शन पिट, बुराड़ी, नई दिल्ली में 60 एक-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं जिसमें, लगभग 6500 चालकों ने भाग लिया।

4. दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दिल्ली पुलिस ने भी निम्नलिखित उपाय किए हैं:—

(i) यातायात संबंधी नियमों और विनियमों को सख्ती से लागू करना।

(ii) खतरनाक तरीके से तथा लापरवाही से वाहन चलाने, लाइसेंस बगैर वाहन चलाने शराब पीकर वाहन चलाने और लालबत्ती पार करने के खिलाफ विशेष अभियान।

(iii) उल्लंघनकर्ताओं को नोटिस जारी करके उनका नियमित रूप से अभियोजन।

(iv) दुर्घटना बहुल क्षेत्रों में यातायात संकेत/ब्लिंकर लगाना।

(v) दुर्घटना बहुल क्षेत्रों में और अधिक यातायात पुलिस कर्मी तैनात करना;

(vi) राष्ट्रीय राजमार्गों पर विशेष गश्ती जांच।

(vii) अल्कोमीटर और रडार गन जैसे अति आधुनिक उपस्करों के माध्यम से अभियोजन।

(viii) पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों के लिए चलती-फिरती प्रदर्शनी वैन को विभिन्न क्षेत्रों में ले जाना।

(ix) सड़क सुरक्षा संबंधी साहित्य का वितरण।

Bombay-Vadodara Express way Project

1316. SHRI GOPALSINH G. SOLANKI: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether foreign assistance for conducting detailed engineering of the proposed Bombay-Vadodara Expressway Project was approved by Government;

(b) if so, the amount of loan approved and the terms on which it has been sanctoned; and

(c) the present status of the work and by when it is likely to be completed?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) and (b) The Asian Development Bank has agreed to provide a loan assistance of US $ 12.7 million for conducting detailed engineering of the proposed Bombay-Vadodara Express way Project. But the loan agreement is yet to be signed with the Bank.